# राज्यपाल कलराज मिश्र सोमवार को आएंगे

**बीकानेर** | राज्यपाल कलराज मिश्र सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर बीकानेर आएंगे। यात्रा के मद्देनजर शुक्रवार को कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल और एसपी तेजस्विनी गौतम ने तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। राज्यपाल सोमवार सुबह 11 बजे वायु मार्ग से जयपुर से प्रस्थान करेंगे। 11:45 बजे नाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे। दोपहर 12:30 बजे स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सेमिनार में शिरकत करेंगे। दोपहर 2:45 बजे महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में अमृत वाटिका का लोकार्पण करेंगे। राष्ट्रीय सेमिनार में शिरकत करेंगे। राज्यपाल शाम 4.25 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

**सोमवार को आएंगे राज्यपाल श्री कलराज मिश्र, जिला कलेक्टर ने की तैयारियों की समीक्षा**

बीकानेर, 8 सितंबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर बीकानेर आएंगे। श्री मिश्र की यात्रा के मध्यनजर शुक्रवार को जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी उन्हें दी गई जिम्मेदारी का गंभीरता से निर्वहन करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता सहन नहीं की जाएगी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

राज्यपाल श्री मिश्र सोमवार प्रातः 11 बजे वायु मार्ग से जयपुर द्वारा प्रस्थान करेंगे और 11:45 बजे नाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे। श्री मिश्र दोपहर 12:30 बजे स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सेमिनार में शिरकत करेंगे। दोपहर 2:45 बजे महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय में अमृत वाटिका का लोकार्पण करेंगे और राष्ट्रीय सेमिनार में शिरकत करेंगे। राज्यपाल सायं 4.25 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा दोनों विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**राज्यपाल कलराज मिश्र सोमवार को आएंगे बीकानेर**

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर गहनता से होगा विचार-विमर्श, समापन सत्र में आएंगे राज्यपाल

### महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय और कृषि विश्वविद्यालय में होने वाली सेमिनार में लेंगे हिस्सा

**बीकानेर @ पत्रिका.** महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय (एमजीएसयू) और स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय (एसकेआरएयू) में सोमवार को राष्ट्रीय सेमिनार और लोकार्पण कार्यक्रम होंगे। मुख्य अतिथि राज्यपाल कलराज मिश्र होंगे। एसकेआरएयू में दोपहर 12.30



बजे आवासीय छात्रावास का लोकार्पण होगा। इसके बाद कृषकों की आय वृद्धि के लिए कृषि में विविधीकरण विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में मंत्री लालचंद कटारिया शामिल होंगे। वहीं एमजीएसयू के कुलसचिव अरुण प्रकाश शर्मा ने बताया कि राज्यपाल दोपहर 2:45 बजे विश्वविद्यालय पहुंचेंगे और अमृत वाटिका का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार के समापन समारोह में हिस्सा लेंगे।

### तीन सत्रों में आयोजित होगा सेमिनार

एमजीएसयू के अतिरिक्त कुलसचिव डॉ. बिट्ठल बिस्सा ने बताया कि हमारी शिक्षा प्रणाली में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को एकीकृत करने में संभावनाएं और चुनौतियों विषय पर सेमीनार में प्रदेश के एक हजार से भी अधिक शिक्षक, विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। तीन सत्रों में सेमीनार होगा। एसकेआरएयू के अधिष्ठाता डॉ. आईपी सिंह ने बताया कि कृषि संगोष्ठी के दौरान मौखिक और पोस्टर के माध्यम से करीब 170 रिसर्च पेपर प्रस्तुत होंगे। पांच सत्रों में 100 से अधिक वक्ता अपने विचार व्यक्त करेंगे।

### जिला कलक्टर ने की तैयारियों की समीक्षा

राज्यपाल कलराज मिश्र सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर बीकानेर आएंगे। तैयारियों को लेकर कलक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने बैठक ली। इस दौरान पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। राज्यपाल मिश्र सोमवार सुबह 11 बजे वायु मार्ग से जयपुर से प्रस्थान करेंगे और 11:45 बजे नाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे। दोपहर 12:30 बजे एसके आरएयू में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में शिरकत करेंगे। दोपहर 2:45 बजे महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय में सेमिनार में शिरकत करेंगे। राज्यपाल शाम 4.25 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

सुझाव के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें